# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 03.07.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनसंदेश टाइम्स, न्यायाधीश ,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 03.07.2024

### लॉटरी से दशाश्वमेध प्लाजा की पांच दुकानें परिवर्तित

**वाराणसी।** दशाश्वमेध प्लाज़ा की रिक्त दुकानों के लिए मंगलवार को लॉटरी से परिवर्तन कराया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में हुई बैठक में छह दुकानदारों को बुलाया गया। पांच दुकानदारों ने उपस्थिति दर्ज कर दुकानों का परिवर्तन कराया। ब्यूरो

### दो जगहों पर ध्वस्त करवाई अवैध प्लॉटिंग

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से मंगलवार को दो जगहों पर अवैध प्लाटिंग बुलडोजर से ध्वस्त करवाई गई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार, शिवपुर वार्ड के यमुना नगर कॉलोनी में बगैर लेआउट स्वीकृत कराए चार बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। जोनल अधिकारी गौरव जय प्रकाश की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। सारनाथ वार्ड के पियरी में चार बीघे में अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। जिसे जोनल अधिकारी संजीव कुमार की अगुवाई में ध्वस्त करवाया गया। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 03.07.2024

### आठ बीघा में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की

**वाराणसी।** वीडीए प्रशासन ने मंगलवार को आठ बीघा में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कर दी। शिवपुर वार्ड में यमुनानगर कॉलोनी में चार बीघा में अवैध प्लॉटिंग विकसित करने पर कार्यवाही की गई।

वहीं सारनाथ वार्ड के पियरी में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये 4 बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। इस दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, संजीव कुमार, अवर अभियंता अंबरीश कुमार शर्मा, विनोद कुमार आदि थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 03.07.2024

# शिवपुर-सारनाथ में चला वीडीए का ध्वस्तीकरण अभियान

वाराणसी (एसएनबी)। वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा मंगलवार को अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। दरअसल शिवपुर वार्ड के अन्तर्गत यमुना नगर कॉलोनी में अज्ञात द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये 4 बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध मंगलवार को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अंबरीश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि मानचित्र स्वीकृत करा कर ही निर्माण कराएं।

इसी प्रकार सारनाथ वार्ड के अन्तर्गत मौजा-पियरी में अज्ञात द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये 4 बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध मंगलवार को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस दौरान जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमार मौजूद रहे।

### पांच प्रतिभागियों ने दुकान परिवर्तन कराया

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को दशाश्वमेध प्लाजा में लॉटरी के माध्यम से आवंटित दुकानों के आवंटियों का प्राधिकरण सभागार में दुकान परिवर्तन किया गया। कुल 6 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था जिसमे 5 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अपनी दुकानों को परिवर्तित किया

## आज–दि0 03.07.2024

# अवैध प्लाटिंगपर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर अभियन्ताओंकी टीमने मंगलवारको दो स्थानोंपर प्लाटिंग करने पर उनके विरुद्ध काररवाई की। शिवपुर वार्डके अन्तर्गत यमुनानगर कालोनीमें बिना ले आउट पास कराये चार बीघा जमीनपर प्लाटिंग की जा रही थी। शिकायतके आधार पर जोनल अधिकारी गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता अम्बरीष कुमार शर्मा और स्थानीय पुलिसके सहयोगसे जेसीबीकी सहायतासे प्लाटपर हुए अवैध निर्माणको ध्वस्त कर दिया गया। इसी प्रकार सारनाथ के मौजा पियरीमें कुछ लोगोंने चार बीघा प्लाटपर अवैध प्लाटिंग शुरू कर दी थी। शिकायतके आधारपर मौकेपर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता विनोद कुमार, निकटम थानेकी पुलिसके सहयोगसे जेसीबीसे प्लाटिंगपर हुए निर्माण कार्यको ध्वस्त कर दिया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 03.07.2024

### अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी। शिवपुर वार्ड के अन्तर्गत यमुना नगर कॉलोनी में अज्ञात द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये 04 बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आज प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अंबरीश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले0आउट अथवा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण न करें अन्यथा की दशा में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह सारनाथ वार्ड के अन्तर्गत मौजा-पियरी में अज्ञात द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये 04 बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आज प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।



## जनसंदेश टाइम्स–दि0 03.07.2024

### दशाश्वमेध प्लाजा के ड्रा से आवंटित दुकानें बदली गयीं



वाराणसी। दशाश्वमेध प्लाजा के दुकानदारों को दुकान परिवर्तन के लिए सुनहरा मौका मिला। वीडीए ने लाटरी ड्रा के माध्यम से कराये गये आवंटियों को जहां दुकान बदलने के लिए एक आवेदन करने का एक सप्ताह का समय दिया था, वहीं दुकान परिवर्तन करने के लिए सुनहरा अवसर देते हुए मंगलवार को वीडीए में बुलाया भी था। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर हुए दुकान परिवर्तन कार्यक्रम के दैरान 6 प्रतिभागियो ने आवेदन किया था जबकि उप स्थित 5 लोगों को दुकान परिवर्तन कर उन्हें दिया गया।

## न्यायाधीश–दि0 03.07.2024

### अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध वाविप्रा ने किया ध्वस्तीकरण

वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा 02.जुलाई को अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इसके तहत सारनाथ वार्ड के अन्तर्गत मौजा-पियरी में अज्ञात द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये 04 बीघा अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध आज प्रवर्तन टीम एवं



पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमार मौजूद रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले0आउट अथवा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण न करें अन्यथा की दशा में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 03.07.2024

### आवंटित दुकानों के आवंटियों का दुकान परिवर्तन किया गया

वाराणसी। उपाध्यक्ष पुलकित



गर्ग उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशानुसार 02जुलाई को दशाश्वमेध प्लाजा में लॉटरी के माध्यम से आवंटित दुकानों के आवंटियों का प्राधिकरण सभागार में दुकान परिवर्तन किया गया, कुल 6 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था जिसमे 5 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अपनी दुकानों को परिवर्तित किया।

### ध्वस्त की गई अवैध प्लाटिंग

वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा 02जुलाई को अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। शिवपुर वार्ड के अन्तर्गत यमुना नगर कॉलोनी में अज्ञात द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये 04 बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आज प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। ध्वस्तीकरण के दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अंबरीश कुमार शर्मा, मौजूद रहे।